भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1363

सोमवार, 27 जुलाई, 2026/5 श्रावण 1948 (शक)

जनजातीय कामगारों को चिकित्सा सुविधाएं

†1363. **श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देशभर में जनजातीय कामगारों को प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) जनजातीय बहुल क्षेत्रों में स्थापित किए गए अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का, उक्त प्रत्येक अस्पताल/स्वास्थ्य संस्था में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मियों के स्वीकृत पदों और कार्यरत पदों सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अस्पतालों/स्वास्थ्य संस्थाओं में विभिन्न परीक्षणों, नैदानिक सुविधाओं और अन्य संबद्ध सेवाओं के लिए उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों और चिकित्सा यंत्रों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त अस्पतालों/स्वास्थ्य संस्थाओं की स्थितियों में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा तैयार की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ): लोक स्वास्थ्य और अस्पताल राज्य के विषय हैं। तद्नुसार, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के नियोजन, स्थापना, रखरखाव और पर्याप्त संख्या सुनिश्चित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत, भारत सरकार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को स्वीकृत संसाधन सीमा के भीतर उनके कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, उनके स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करती है।

'हेल्थ डायनेमिक्स ऑफ इंडिया (एचडीआई) (अवसंरचना ढांचा और मानव संसाधन), 2023-24' राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए स्वास्थ्य देखभाल प्रशासनिक आंकड़ा पर आधारित एक वार्षिक प्रकाशन है। दूरदराज के, पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों सहित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं, विशिष्ट मानव संसाधनों की उपलब्धता और कमियों के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:

https://www.mohfw-

dohfw.gov.in/static/uploads/2026/05/57202cf30629539e4d0fb0a2f700ac62.pdf

आयुष्मान भारत के अंतर्गत, 178 जनजातीय जिलों के 31,366 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सहित 1.86 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर है जो उप-स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ करके व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करते हैं। ये आयुष्मान आरोग्य मंदिर एएएम प्रजनन और बाल स्वास्थ्य देखभाल, संचारी और गैर-संचारी रोगों तथा अन्य स्वास्थ्य दशाओं को शामिल करते हुए निवारक, संवर्धक, पुनर्वास और उपचारात्मक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करते हैं। जनजातीय बहुल क्षेत्रों में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की राज्य-वार संख्या संलग्नक में है।

देश भर में संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में टेलीकंसल्टेशन सेवाएं उपलब्ध हैं, जिससे लोगों को उनके घरों के समीप विशेषज्ञ स्वास्थ्य देखभाल सक्षम हो पाई है और भौतिक पहुंच, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं की कमी तथा देखभाल की निरंतरता से संबंधित समस्याओं का समाधान हुआ है। दिनांक 30.06.2026 तक, की स्थिति के अनुसार देश भर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से कुल 46.90 करोड़ टेलीकंसल्टेशन किए जा चुके हैं।

मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों सहित दूरदराज के, जनजातीय और अल्प सेवित क्षेत्रों की आबादी को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करती हैं। एनएचएम एमआईएस (दिसंबर 2025) के अनुसार, ऐसे क्षेत्रों में देश भर में कुल 1,546 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित हैं।

निःशुल्क दवा और निःशुल्क नैदानिक सेवा पहल के अंतर्गत, भारत सरकार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर-उपकेंद्रों पर 113 दवाओं और 14 नैदानिक जांच, आयुष्मान आरोग्य मंदिर-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 179 दवाओं और 63 जांच, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 301 दवाओं और 97 जांच, उप-जिला अस्पतालों पर 318 दवाओं और 111 जांच, तथा जिला अस्पतालों पर 381 दवाओं और 134 जांच का प्रावधान करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कई उपाय किए हैं, जिनमें स्वास्थ्य अवसंरचना को बनाने हेतु 'प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन' (पीएम-एबीएचआईएम) कार्यान्वयन और पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के माध्यम से सहायता प्रदान करना शामिल है।

* *****

संलग्नक

"जनजातीय कामगारों को चिकित्सा सुविधाएं" के संबंध में श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा द्वारा दिनांक 27.07.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1363 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक।

जनजातीय बहुल क्षेत्रों में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) की संख्या।

क्र.सं.	राज्य	संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर					
		एएएम-**एसएचसी**	एएएम-**पीएचसी**	एएएम-**यूपीएचसी**	एएएम-**यूएसएचसी**	एएएम-**आयुष**	**कुल**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	31	4	0	0	0	35
2	आंध्र प्रदेश	54	8	50	16	2	130
3	अरुणाचल प्रदेश	201	80	6	5	62	354
4	असम	562	168	1	18	114	863
5	बिहार	1905	229	20	33	39	2226
6	छत्तीसगढ़	3013	475	22	77	202	3789
7	दादर नागर हवेली और दमन दीव	50	9	1	2	1	63
8	गुजरात	2321	445	34	54	93	2947
9	हिमाचल प्रदेश	118	81	0	1	86	286
10	जम्मू और कश्मीर	198	55	0	0	71	324
11	झारखंड	2597	210	59	98	574	3538
12	कर्नाटक	258	61	6	30	5	360
13	लद्दाख	288	32	1	0	0	321
14	लक्षद्वीप	0	6	0	0	7	13
15	मध्य प्रदेश	4389	556	29	64	226	5264
16	महाराष्ट्र	1405	312	80	272	53	2122
17	मणिपुर	69	28	0	0	8	105
18	मेघालय	327	89	19	25	12	472
19	मिजोरम	248	44	9	17	37	355
20	नागालैंड	319	92	8	0	48	467
21	ओडिशा	2587	533	45	54	127	3346
22	राजस्थान	1620	304	25	61	314	2324
23	सिक्किम	148	24	2	9	0	183
24	तेलंगाना	160	24	4	9	19	216
25	त्रिपुरा	577	70	3	20	20	690
26	पश्चिम बंगाल	470	29	14	24	36	573
कुल		**23915**	**3968**	**438**	**889**	**2156**	**31366**

(स्रोत: एएएम पोर्टल)

******